हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 12 सितंबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्र सेवा करने के...



07 अशोकनगर स्टेशन के पुराने वेटिंग हॉल को बंद करने की तैयारी



खबर संक्षेप

आरोन में दिनदहाड़े सूने मकान के ताले चटकाए

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। अज्ञात चोर ने एक सूने मकान में घुसबैठ कर न केवल सरकारी लैपटॉप और पीतल की मूर्तियां चुराईं, बल्कि महीने भर का राशन और टूल बॉक्स भी समेट ले गया।अ फरियादी रिंकू ओझा (35) निवासी ब्लॉक कॉलोनी आरोन ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गत सुबह वे कोर्ट की पेशी के लिए गुना चले गए थे, बच्चे स्कूल और पत्नी प्रतिभा ओझा ड्यूटी पर चली गई थीं। दोपहर करीब 1:30 बजे जब पत्नी घर लौटीं, तो ताला खोलकर अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पाया। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर गैलरी के रास्ते घर में घुसा और वहां से सरकारी लैपटॉप, घरेलू राशन, लक्ष्मी जी व लड्डू गोपाल जी की पीतल की मूर्तियां, मोटर साइकिल की चाबियां और टूल बॉक्स चुरा ले गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 25,000 रुपये बताई गई है। फरियादी की शिकायत पर आरोन थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर तलाश शुरू कर दी है।

बाइक ने मवेशी को मारी टक्कर, पड़िया की मौके पर ही मौत

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज के सामने एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल की टक्कर से तीन वर्षीय पडय़ा (भैंस के बच्चे) की दर्दनाक मौत हो गई। फरियादी प्रेमनारायण गुर्जर निवासी बमोरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 9 बजे वे मवेशियों को चराकर घर लौट रहे थे। तभी बमोरी की तरफ से आई तेज रफ्तार बाइक एमपी 08-8234 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पडिय़ा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पड़िय़ा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चालक बाइक छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार का गेट खुलने से टकराया बाइक सवार

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत एबी रोड स्थित दो खंभा के पास कार चालक की लापरवाही से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी राजाराम प्रजापति (36) निवासी तिनसियाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत सुबह वे अपनी बाइक एमपी 08-5603 से काम पर बूढ़े बालाजी जा रहे थे। तभी दो खंभा के पास आगे चल रही सफेद रंग की कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगाकर लापरवाही से गेट खोल दिया। बाइक कार के दरवाजे से टकरा गई और राजाराम नीचे गिर पड़े, जिससे उनके सिर, नाक, कंधे, कलाई व पैरों में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से परिजन उन्हें मीनाक्षी अस्पताल ले गए। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित ने कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

फर्जी आईडी पहनकर स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचा नाबालिग

बेटे ने कहा: लग गई सरकारी नौकरी, पिता को साथ ले जाकर झाड़ा रौब, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में एक ऐसा अजीबोगरीब और मजेदार मामला सामने आया है, जहाँ अफसर बनने की धुन में एक नाबालिग ने जालसाजी की सारी हदें पार कर दीं। खुद को शिक्षा विभाग का डिप्टी जिला शिक्षा अधिकारी बताकर नाबालिग शहर के एक निजी स्कूल में निरीक्षण करने पहुँच गया। वहाँ उसने कक्षाओं का मुआयना किया, व्यवस्थाओं में कई कमियाँ निकालीं और स्कूल संचालक को मान्यता रद्द कराने तक की धमकी दे डाली। हैरानी की बात तो यह रही कि अपने फर्जी अधिकारी होने का यकीन दिलाने के लिए वह अपने पिता को भी निरीक्षण के दौरान साथ ले गया था, ताकि परिजनों को लगे कि उसकी वाकई सरकारी नौकरी लग गई है।आरोपी किशोर मूलतः आरोन क्षेत्र में कपड़ों की प्रेस और लॉन्ड्री का काम करता है। लेकिन अधिकारी बनने के जुनून में उसने मध्यप्रदेश शासन और डिप्टी एजुकेशन ऑफिसर लिखी एक फर्जी आईडी बनवा ली। वह स्कूलों का निरीक्षण कर फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करता था और बायो में खुद को सरकारी कर्मचारी व यूपीएससी एस्पिरेंट लिख रखा था। जबकि हकीकत यह है कि शिक्षा विभाग में इस नाम का कोई पद ही अस्तित्व में नहीं है।

- आईडी कार्ड टांगकर जमाई धाक, स्टेटस पर लिखे लंबे-चौड़े दावे
- कमियाँ निकालकर दी मान्यता रद्द करने की धमकी



सीसीटीवी फुटेज से खुली पोल, बाल न्यायालय में चालान पेश

गत दिवस को बूढ़े बालाजी स्थित स्नेहलता पब्लिक स्कूल में निरीक्षण और धमकी के बाद जब स्कूल प्रबंधन को संदेह हुआ, तो उन्होंने पुलिस व जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत की। मामला जब कोतवाली पहुँचा, तो पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस के जरिए आरोपी की शिनाख्त की। मामले का खुलासा करते हुए प्रभारी सीएसपी आनंद राय ने बताया कि स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच में आरोपी के नाबालिग होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय में चालान पेश किया गया है। नाबालिग के इस अनोखे अधिकारी बनने के ड्रामे की अब पूरे शहर में चर्चा हो रही है।

इनका कहना है...

कोतवाली थाने में शिकायत आई थी कि एक लड़का है जो फर्जी शिक्षा अधिकारी बनकर स्कूल का निरीक्षण करके गया है। जब स्कूल प्रबंधन को लगा कि यह लड़का फर्जी तो उन्होंने कोतवाली में इसकी शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत पर अज्ञात पर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीव्ही फुटेज, मोबाईल आदि से जांच की गई तो नाबालिग के रूप में शिनाख्त हुई। जिसको पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय में चालान पेश किया गया है। किशोर ने अपने पिता को भी बताया था कि उसकी नौकरी शिक्षा विभाग में लग गई है। परिजनों को भरोसा हो जाए इसलिए वह अपने पिताजी को निरीक्षण में साथ लेकर गया था। किशोर आरोन क्षेत्र में कपड़ों की प्रेस एवं लॉड्रिंग का काम करता है।

आनंद राय, प्रभारी सीएसपी गुना

एसबीआई-पीएनबी के बाहर नारेबाजी

5 डे बैंकिंग की मांग पर अड़े बैंककर्मी, ठप रहा कामकाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

5-डे बैंकिंग (सप्ताह में पांच दिन काम) की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर बैंक अधिकारी-कर्मचारियों का आक्रोश सडक़ों पर उतर आया है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को जिलेभर के बैंक कर्मचारी एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहे। गुना शहर में तेलघानी चौराहा स्थित भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं के बाहर अधिकारियों व कर्मचारियों ने एकत्र होकर केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया।

तारीख पर तारीख दे रही सरकार

प्रदर्शनकारी बैंककर्मियों ने केंद्र सरकार की हीलाहवाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मार्च 2024 में इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूनियनों के बीच 12वें द्विपक्षीय समझौते में 5-डे वर्किंग पर सहमति बन चुकी है। समझौते के तहत कर्मचारी रोजाना 40 मिनट अतिरिक्त काम करने को भी तैयार हैं, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी वित्त मंत्रालय से इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है। सरकार केवल तारीख पर तारीख दे रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी निराशा है।

लगातार तीन दिन बंद रहेंगे बैंक, डिजिटल सेवाएं जारी

शुक्रवार को हड़ताल के बाद 12 सितंबर को महीने का दूसरा शनिवार और 13 सितंबर को रविवार का अवकाश होने के कारण लगातार तीन दिनों तक बैंक शाखाओं में कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा। इस दौरान चेक क्लीयरेंस, पासबुक एंट्री और कैश जमा-निकासी जैसी शाखा स्तर की सेवाएं प्रभावित रहेंगी। हालांकि, राहत की बात यह है कि एटीएम, यूपीआई, नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से कार्य करती रहेंगी। बैंक यूनियनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द ही 5-डे बैंकिंग की अधिसूचना जारी नहीं की, तो 26 अक्टूबर से देशभर के बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

एसपी ने किया चाचौड़ा थाने का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शस्त्रागार-मालखाना सहित अन्य चीजों का लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने चांचौड़ा थाने का निरीक्षण कर थाना भवन, हवालात, शस्त्रागार, मालखाना, अभिलेख एवं शासकीय वाहनों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपराधों के त्वरित निराकरण एवं आमजन की शिकायतों पर संवेदनशीलता से कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। साथ में शस्त्र संचालन संबंधी दक्षता को भी परखा। निरीक्षण के दौरान थाना स्तर पर पुलिसिंग व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, शासकीय संसाधनों की स्थिति एवं पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा थाना भवन, हवालात, शस्त्रागार, मालखाना, थाना रिकॉर्ड एवं शासकीय वाहनों सहित थाना परिसर में उपलब्ध विभिन्न संसाधनों का निरीक्षण किया गया । उन्होंने अभिलेखों एवं शासकीय संपत्ति के व्यवस्थित रख-रखाव तथा थाना स्तर पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए ।



पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्टाफ को अपराधों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए । उन्होंने कहा कि थाने पर प्राप्त होने वाली आमजन की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए । प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात धैर्यपूर्वक सुनी जाए तथा शिकायत की प्रकृति के अनुरूप नियमानुसार प्रभावी कार्यवाहीकी जाए । उन्होंने लंबित अपराधों एवं शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए उनके निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं करने तथा फरियादियों को समयबद्ध एवं बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया । साथ ही थाना स्टाफ से संवाद कर उनके कार्य एवं ड्यूटी से संबंधित जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को जाना । उन्होंने पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण एवं बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । इस दौरान थाना स्टाफ के हथियार संचालन संबंधी अनुभव एवं दक्षता को भी परखा गया । उन्होंने पुलिसकर्मियों से शासकीय हथियारों के संचालन एवं उपयोग संबंधी जानकारी ली तथा हथियारों के सुरक्षित एवं प्रभावी संचालन में दक्ष रहने के निर्देश दिए ।

थाना स्टाफ को निर्देशित किया कि वे अपने कर्तव्यों का पूर्ण जिम्मेदारी, सजगता, संवेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ निर्वहन करें । अपराध नियंत्रण एवं अपराधों के त्वरित निराकरण के साथ-साथ आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाए ।

रात में सड़कों पर उतरकर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

त्योहारों से पहले हरकत में नगर पालिका, सीएमओ ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। सीएमओ शैलेश अवस्थी ने विगत रात्रि शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में संचालित रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने जयस्तंभ चौराहे से लेकर शास्त्री पार्क, लक्ष्मीगंज और सदर बाजार तक पैदल भ्रमण कर मौके पर मौजूद स्वच्छता अमले की उपस्थिति जांची। उन्होंने मौके पर मौजूद स्वच्छता प्रभारी श्रीमती जय कंवर, महाराज सिंह और दरोगा शकील खान से कर्मचारियों की जोनवार हाजिरी की जानकारी ली तथा प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए प्रभावी ढंग से सफाई कार्य कराने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ शैलेश अवस्थी ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों में रात्रि कालीन सफाई को सुगम और त्वरित बनाने के उद्देश्य से चार अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। यह टीमें रात में विभिन्न इलाकों में एक साथ मोर्चा संभालती हैं, जिससे कचरा इक_ा न हो और दुकानें खुलने से पहले ही बाजार पूरी तरह साफ-सुथरे नजर आएं। सीएमओ ने सभी वार्ड प्रभारियों और दरोगाओं को हिदायत दी कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर पूरे शहर में नालियों की नियमित जल निकासी, चूने-कीटनाशक के छिडक़ाव और कचरे के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका की सहयोगी स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक के सदस्यों ने बाजार के दुकानदारों से संवाद कर अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने की अपील की, ताकि कचरा सडक़ों पर फेंकने के बजाय सीधे कचरा गाडय़ों में ही डाला जा सके।



फतेहगढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 124 लीटर अवैध कच्ची शराब की जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

गुना। अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर 124 लीटर अवैध हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पहली कार्रवाई ग्राम चरसया रोड स्थित प्लांटेशन के पास की गई, जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर मांगीलाल पुत्र थाबरा भील (42) निवासी ग्राम पीपलखेड़ी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से दो नीले रंग की केनों में भरी कुल 70 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई ग्राम बनियानी नहर की पुलिया के पास अंजाम दी गई, जहां पुलिस ने दबिश देकर सुरेश पुत्र थानसिंह भिलाला (25) निवासी ग्राम छिकारी को हिरासत में लिया। आरोपी के पास से दो स्लेटी रंग की केनों में रखी 54 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद हुई। दोनों मामलों में आरोपियों के पास शराब से संबंधित कोई वैध लाइसेंस नहीं मिलने पर शराब जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

गढ़लागिर्द और झिर में दी दबिश, अवैध शराब व लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय और परिवहन के खिलाफ आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आबकारी व पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। आबकारी वृत्त गुना-1 और बजरंगगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम गढ़लागिर्द और झिर में दबिश देकर 1,56,800 रुपये मूल्य की अवैध मदिरा एवं गुड़ लाहन जब्त कर नष्ट किया।



कार्रवाई के दौरान ग्राम गढ़लागिर्द में आरोपी धर्मराज पारदी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया, वहीं ग्राम झिर में आरोपी के खेत से अवैध शराब बरामद होने पर विवेचना जारी है। मौके से 14 लीटर हाथभट्टी शराब और 1000 किलोग्राम गुड़ लाहन जब्त कर नष्ट किया गया। आबकारी विभाग ने विभिन्न धाराओं के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए, वहीं बजरंगगढ़ थाना पुलिस द्वारा भी 2 मामले पंजीबद्ध किए गए। इससे पूर्व वृत्त गुना-2 में भी कार्रवाई कर 8 लीटर हाथभट्टी शराब और 350 किलोग्राम लाहन जब्त कर नष्ट किया गया था। इस प्रकार आबकारी विभाग द्वारा कुल 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विभाग की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

परिजन बोले: यह आत्महत्या नहीं, हत्या है, क्योंकि दरवाजा खुला था, फंदे पर शव और नीचे जस का तस रखा फिल्टर

युवा कर्मचारी की संदिग्ध मौत पर रीवा से गुना पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोडक्र कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट में कार्यरत रीवा निवासी युवा कर्मचारी रुद्रप्रकाश पटेल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजन रीवा से गुना पहुंचे और शुक्रवार को सबसे पहले विजयपुर थाने जाने के बाद सीधे जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहाँ मृतक की मां स्मृता पटेल ने एसपी को आवेदन सौंपकर अपने बेटे की मौत को हत्या बताते हुए निष्पक्ष, फॉरेंसिक और उच्चस्तरीय जांच की गुहार लगाई है।

एसपी को दिए शिकायती आवेदन में मृतक की माता स्मृता पटेल ने बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र रुद्रप्रकाश पटेल मार्च 26 से गोडक्र कंपनी के प्लांट में काम कर रहा था और अपने साथियों गौरव, पुष्पेंद्र, रोहित, पवन और कृष्ण के साथ एक ही कमरे में रहता था। परिजनों के अनुसार रुद्रप्रकाश रक्षाबंधन पर घर आने वाला था और उसे किसी प्रकार का तनाव या नशा करने की आदत नहीं थी। 24 अगस्त 26 की दोपहर करीब 2 बजे काम के बाद वह प्लांट के अंदर गया, जिसके कुछ ही देर बाद उसकी फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली। परिजनों का आरोप है कि परिस्थितियों को देखते हुए यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या कर शव को लटकाने की साजिश प्रतीत होती है।

आवेदन में परिजनों ने घटनास्थल की स्थिति पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। परिजनों के अनुसार जिस कमरे में शव मिला उसका दरवाजा खुला था, फंदे में कोई स्पष्ट गांठ नहीं थी और सबसे बड़ी बात कि पैरों के नीचे रखा हुआ ग्रेडर का फिल्टर अपनी जगह पर वैसे ही रखा था, जो न तो गिरा था और न हिला था। परिजनों ने एसपी से मांग की है कि मामले को केवल आत्महत्या मानकर बंद न किया जाए। इसके लिए उन्होंने 14 प्रमुख बिंदुओं पर जांच की मांग रखी है, जिसमें कंपनी परिसर के सभी सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित कर जांच करना, घटना के समय आसपास मौजूद लोगों की शिनाख्त करना और घटनास्थल का फॉरेंसिक परीक्षण कराना शामिल है।



भूमिका की जांच की मांग

साथ ही परिजनों ने मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चैट और सोशल मीडिया की जांच कराने, साथ रहने वाले साथियों से अलग-अलग पूछताछ कर उनके बयानों का मिलान करने और सबसे पहले सूचना देने वाले व्यक्ति की भूमिका की जांच की मांग उठाई है। परिजनों ने कपड़े, नाखून और फंदे को एफएसएल जांच के लिए भेजने, शरीर पर मिली चोटों की निष्पक्ष समीक्षा करने और कंपनी के डॉक्टर द्वारा किए गए पोस्टमार्टम पर संदेह व्यक्त करते हुए स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड से द्वितीय राय लेने का आग्रह किया है। इसके अलावा साक्ष्य नष्ट करने वालों पर कार्रवाई करने, फंदे की संरचना और फिल्टर की स्थिति का वैज्ञानिक परीक्षण कराने तथा परिजनों द्वारा सौंपे गए फोटो वीडियो को जांच में शामिल करने की मांग की गई है।

राघौगढ़ में घर के आंगन से बाइक चोरी

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गल्ला मंडी बायपास भडक़ा चौराहा से एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फरियादी राजकुमार मांझी (22) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 10 बजे उन्होंने अपनी लाल-काले रंग की एचएफ डीलक्स बाइक एमपी 08-5639 घर के आंगन में खड़ी की थी और सोने चले गए थे। अगली सुबह करीब 5:30 बजे जब वे जागे, तो बाइक मौके से गायब थी। पीड़ित ने अपने स्तर पर आसपास और अन्य संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद वे राघौगढ़ थाने पहुंचे और अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

खड़ी कार से टकराई अनियंत्रित बाइक तीन लोग घायल

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपी कॉलेज स्थित महाराणा प्रताप ढाबे के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने सडक़ किनारे खड़ी कार में जोरदार टक्कर मार दी। फरियादी आशीष कुमार सुमन निवासी कुम्भराज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दोपहर उनका चालक बच्चों को स्कूल से लेकर अर्टिगा कार एमपी 04-1040 से लौट रहा था। ढाबे के पास कार खड़ी कर जब चालक शौचालय गया, तभी भोपाल की ओर से आ रही अनियंत्रित बाइक एमपी 08-9460 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए खड़ी कार में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों व्यक्ति सडक पर गिरकर घायल हो गए और कार क्षतिग्रस्त हो गई।

खबर संक्षेप



सानई में निःशुल्क नेत्र व दंत चिकित्सा शिविर संपन्न

चाचौड़ा। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ग्राम सानई के पंचायत परिसर में विशाल निःशुल्क नेत्र, मोतियाबिंद एवं दंत जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सद्गुरु भगवान की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों में सीताराम बैरागी मंडल उपाध्यक्ष भाजपा व पूर्व जनपद सदस्य, गोलू शिवहरे सरपंच प्रतिनिधि, अरविन्द पारीक सचिव, विजयश्री जन कल्याण परिषद, तुलाराम प्रजापति और देवेंद्र सिंह खींची किसान कल्याण अध्यक्ष, कुंभराज शामिल रहे, जिन्होंने चिकित्सकों का स्वागत किया।शिविर में कुल 251 मरीजों का पंजीयन कर परीक्षण किया गया। इनमें से 29 मोतियाबिंद मरीजों को सद्गुरु बस द्वारा सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर भेजा जाएगा। साथ ही 20 मरीजों को निःशुल्क चश्मे एवं 150 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं। चिकित्सा टीम में डॉ. आशु शर्मा एमडीएस, डॉ. हिमांशु शर्मा (डेंटल स्पेशलिस्ट, बीनागंज), डॉ. सोनू शर्मा (नेत्र विशेषज्ञ), डॉ. प्रदीप शाक्यवार (आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर, सानई), श्रीमती रेनू सक्सेना, बृज शर्मा (चश्मा जांच) एवं इंचार्ज जीतू पाठक शामिल रहे। डॉ. शाक्यवार ने मरीजों को आयुर्वेदिक दवाएं दीं। आयोजन में मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन व चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई।


चाचौड़ा बायपास की जर्जर सड़क को लेकर ब्लॉक कांग्रेस का विरोध

चाचौड़ा। चाचौड़ा-बीनागंज नगर की जनसमस्याओं और चाचौड़ा बायपास की बदहाल सडक के मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को दिए गए ज्ञापन के 7 दिन पूरे होने के बाद भी ठोस कदम न उठाए जाने पर कांग्रेसियों और नागरिकों में रोष व्याप्त है। ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि नगर परिषद अधिकारी लंबे समय से टेंडर होने और जल्द काम शुरू होने का केवल आश्वासन दे रहे हैं, जबकि धरातल पर सडक के गड्ढे जस के तस बने हुए हैं। आगामी गणेश उत्सव एवं डोल ग्यारस जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए कांग्रेस ने मांग की है कि जब तक स्थायी निर्माण शुरू नहीं होता, तब तक बायपास सहित नगर की सभी खराब सडकों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। अपनी मांगों को लेकर शनिवार दोपहर 12:30 बजे चाचौड़ा बायपास पर नगर परिषद की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया जाएगा और सडक के गड्ढों में सांकेतिक रूप से बेशर्म के पौधे रोपे जाएंगे। पार्टी ने सभी नगरवासियों से जनहित के इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

प्रवचन माला: ज्ञान से पहले बच्चों को संस्कार दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

16 सितंबर से लगेगा 10 दिवसीय विद्याधर श्रमण संस्कार



नगर में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्रमण सागर जी महाराज की श्रमण धारा प्रवचन माला जारी है। बच्चों को उचित मार्गदर्शन विषय पर मंगल प्रवचन देते हुए मुनि श्री ने कहा कि वर्तमान परिवेश में युवा पीढ़ी को ज्ञानार्जन के साथ-साथ संस्कारित करने की आवश्यकता है। बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें सुसंस्कारित करना माता-पिता का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आज युवा करियर के फेर में चरित्र को दांव पर लगा रहे हैं, जबकि 14 से 20 वर्ष की उम्र में बच्चों को भटकाव से बचाना जरूरी है। आचार्य श्री द्वारा स्थापित प्रतिभास्थली विद्यालयों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जबलपुर प्रतिभास्थली की एक बालिका का चयन पायलट के रूप में हुआ है, जो दिखाता है कि संस्कार और शिक्षा साथ-साथ चल सकते हैं।

शिविर आयोजित किया जा रहा

भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज राघौगढ़ के मार्गदर्शक विजय कुमार जैन ने बताया कि दस लक्षण महापर्व के अवसर पर नगर में 16 से 30 सितंबर तक 10 दिवसीय 'विद्याधर श्रमण संस्कार शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों (दिल्ली, महाराष्ट्र, असम, यूपी, हरियाणा, एमपी) के चयनित 20 युवाओं (15 से 30 वर्ष) को 'विद्याधर' नाम देकर विशेष धर्म साधना कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त दिल्ली, सागर, कुंभराज, जामनेर, सुसनेर व राघौगढ़ के लगभग 110 पुरुष, महिलाएं एवं युवा शिविरार्थी मुनि संघ के सानिध्य में धर्म साधना करेंगे। शिविर के दैनिक धार्मिक कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 5:00 बजे ध्यान कक्षा से शुरू होकर रात्रि 9:00 बजे तक चलेंगे। इस आयोजन के सफल संचालन के लिए निखिल राजा चौधरी एवं संस्कार जैन को शिविर संयोजक बनाया गया है।

सिटी कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाएं

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरियादियों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला तेलघानी चौराहे और बस स्टैंड के पास का है, जहां जिला कोर्ट में बोर्ड प्यून के पद पर कार्यरत रितेश दुबे को तेज गति से आ रही स्कार्पियो एमपी 08-1365 ने टक्कर मारने से बाल-बाल बचाया। जब फरियादी ने बस स्टैंड पर गाड़ी सही चलाने को कहा, तो चालक ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। रॉड बाइक की सीट पर लगी और आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा में एनएसएस का कार्यक्रम आयोजित

अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्र सेवा करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा-बीनागंज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा स्वयंसेवक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं इकाई प्रभारी डॉ. आर.पी. मीना ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रानी शाक्य तथा विशेष अतिथि डॉ. शैलेंद्र परिहार व विशिष्ट अतिथि मनोज सिंह सिकरवार उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत और 'हम होंगे कामयाब' की प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों में उत्साह भरा। मुख्य अतिथि डॉ. रानी शाक्य ने नए स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक सादाब कुरैशी ने किया तथा आभार अर्जुन सिंह अहिरवार ने जताया। इस सफल आयोजन में सह प्रभारी डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. रीतू राजपूत एवं पूर्व स्वयंसेवक पायल सेन की सराहनीय भूमिका रही। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

20 को विशाल रक्तदान शिविर

सकल व्यापारी संघ की पहल, मनोहर धर्मशाला में आयोजित होगा कार्यक्रम...

चाचौड़ा/बीनागंज। मानव सेवा और सामाजिक दायित्व के उद्देश्य से सकल व्यापारी संघ बीनागंज के तत्वावधान में आगामी 20 सितंबर को स्थानीय मनोहर धर्मशाला में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को लेकर क्षेत्रीय व्यापारियों और आम नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सकल व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रियेश श्रीमाल ने सभी व्यापारी भाइयों और क्षेत्रवासियों से शिविर में बढ़-चढकर भाग लेने और स्वैच्छिक रक्तदान करने की भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा दिया गया रक्त किसी दुर्घटना पीड़ित या गंभीर मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।



कलेक्टर और एसडीएम के निर्देश पर नप कुंभराज की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के आदेश और एसडीएम अमित सोनी के निर्देशन में अपशिष्ट प्रबंधन तथा नगर की सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए नगर परिषद अधिकारी लीलाधर सेन को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में सीएमओ लीलाधर सेन ने बीते दिनों नगर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।

निर्देशों के परिपालन में नगर परिषद के अमले ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों से करीब 5 हजार रुपये का राजस्व वसूला। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की बात कही गई। सीएमओ ने आम और खास सभी शहरवासियों से अपील की कि वे नगर को साफ और स्वच्छ रखने में सहयोग दें, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का मौके पर ही निराकरण किया जा सके।

पुरानी पेंशन, महंगाई भत्ते और दो से अधिक संतान संबंधी नियम समाप्त करने उठाई मांग

राघौगढ़। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पुगाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अमित सोनी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि कर्मचारियों की जायज मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

कर्मचारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने, कर्मचारियों व पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने तथा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की प्रमुख मांग रखी है। इसके अलावा दो से अधिक संतान होने पर होने वाली कार्रवाई के



नियम को समाप्त करने, कर्मचारी आयोग का गठन करने, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के आउटसोर्स कर्मचारियों को शासकीय सेवक मानने और कर्मचारियों को अवकाश नकदीकरण का लाभ देने का आग्रह किया गया है। संघ ने मांग की है कि पदों पर सीधी भर्ती से पहले संविदा व उपरोध कर्मियों को नियमित किया जाए और विभागाध्यक्षों को इसके अधिकार दिए जाएं।

चंदेरी में स्वानों का आतंक, झुंड बनाकर कर रहे हमले, दहशत में नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी



नगर में आवारा स्वानों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हर गली, मोहल्ले, चौराहे और कॉलोनी में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं।

हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब लोग खासकर रात के समय घरों से निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। रात के समय ये स्वान अधिक हमलावर हो जाते हैं। बाइक सवारों के पीछे दौड़कर उन्हें गिरा देना, पैदल राहगीरों और साइकिल सवारों पर झपटना आम बात हो गई है। नगर के कई हिस्सों से ऐसे मामलों की शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें लोग घायल हो चुके हैं। स्कूल और कोचिंग जाने वाले बच्चे भी इन स्वानों के डर से सहमे हुए हैं। कई मामलों में स्वानों ने बच्चों को दौड़ाया और काटा भी है। चंदेरी सिविल अस्पताल में प्रतिदिन कुत्ते के काटने के 5 से 10 केस सामने आ रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई बार अस्पताल में उसी दिन इलाज के लिए आवश्यक एंटी-रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होता, और अगले दिन इंजेक्शन मंगाकर उपचार किया जाता है। नगरवासियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान पूरी तरह से ठप पड़ा है। इस संबंध में नागरिकों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों और अभिभावकों ने नगर पार्षदों और प्रशासन से तत्काल प्रभाव से आवारा स्वानों को पकड़ने और रोकथाम के लिए अभियान शुरू करने की मांग की है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

श्योपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बी.एल प्रजापति के मार्गदर्शन में 12 सितंबर, 2026 (शनिवार) को जिला न्यायालय श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत के दौरान गठित 11 खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों द्वारा लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी, एन.आई एक्ट की धारा 138. क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद भूमि अधिग्रहण राजस्व प्रकरण (जिला न्यायालय में लंबित) के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में एन.आई. एक्ट की धारा, 138, क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट विद्युत नगर पालिका से संबंधित कर एवं जलकर तथा अन्य राजीनामा योग्य पारिवारिक प्रकरण, आपराधिक प्रकरण एवं सिविल प्रकरणों का निराकरण भी किया जावेगा।

विधायक एवं कलेक्टर ने किया स्कूल एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र खुजराई का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत खुजराई में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान बात पूर्व राज्यमंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव एवं कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय खुजराई का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की उपस्थित, स्कूली बच्चों से निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण, मध्यान्ह भोजन वितरण, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम सहित अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र खुजराई का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी ली। गुरुवार को योग कार्यक्रम, टीकाकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने हाईरिस्क महिलाओं के चिन्हांकन, प्रसूति सहायता , जननी सुरक्षा योजना के दस्तावेजों को समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। जिससे कि इसके भुगतान में किसी प्रकार की समस्या न हो। प्रसूति सहायता योजना के दस्तावेजों की चेक लिस्ट जारी किए जाने के निर्देश दिये गये।

हत्या के मामले में अशोकनगर पुलिस की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सिटी कोतवाली अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र में हुये हत्याकांड का मुख्य आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था जिस पर एसपी राजीवकुमार मिश्रा द्वारा 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था पुलिस ने आरोपी को चंदेरी के जंगलों से पकडा है। यह आरोपी पुलिस के लिये पहेली बना हुआ था। घटना 1 अगस्त की है।

फरियादी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि पुरानी रंजिश को लेकर फरसा, बका एवं डंडों से मारपीट कर उसके पुत्र की हत्या कर दी गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 490/26, धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रकरण में फरार आरोपी कल्लू कुशवाह की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष प्रयास किए गए। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा उस पर 10,000 का इनाम घोषित किया गया था । लगातार दबिश और तकनीकी साक्ष्यों से पहुंची पुलिस आरोपी तक- घटना दिनांक से फरार चल रहे आरोपी कल्लू कुशवाह की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीमों द्वारा उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी । पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों का भी प्रभावी उपयोग किया गया। इसी क्रम में दिनांक 11.09.2026 को विश्वसनीय मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फरार आरोपी कल्लू कुशवाह के चंदेरी के जंगल क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दबिश दी गई। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया, इसी दौरान भागते समय आरोपी गिर गया, जिससे उसके दाहिने हाथ एवं दाहिने पैर में चोटें आईं । पुलिस टीम द्वारा आरोपी कल्लू कुशवाह को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण में पुलिस द्वारा पूर्व में 03 आरोपीगण एवं 01 बाल अपचारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में है कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चैहान, उनि मनीष गुर्जर, सउनि विनोद तिवारी, प्रआर नवल किशोर शर्मा, प्रआर दिनेश कुशवाह, प्रआर लखन खटीक, प्रआर भागीरथ लोधा, आरक्षक पवन बघेल, आरक्षक पुष्पेन्द्र यादव, आरक्षक परमवीर राजपूत, आरक्षक महेश बघेल, आरक्षक अभयराज रघुवंशी, आरक्षक गौरव रघुवंशी, आरक्षक विष्णु धाकड़, आरक्षक सूरज तामरे तथा सायबर सेल अशोकनगर से उनि संजय गुप्ता, सउनि अभिजीत सिंह एवं आरक्षक प्रशांत भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिला मुख्यालय पर 2 दिन में तीन बार झड़ीदार वर्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में इस बार वर्षा की कमी बनी हुई है जिसके कारण अशोकनगर जिले के सभी तालाब नदी नाले पानी की कमी से जूझ रहे हैं लेकिन पिछले दो दिनों में जिले में पानी को लेकर जो कमी महसूस की जा रही थी पिछले दो दिनों में तीन बार हुई झड़ीदार वर्षा के कारण लोगों ने राहत की सांस ली है।

जिले में गुरूवार-शुक्रवार से पहले जितनी भी बार वर्षा हुई है वह हमेशा हल्की वर्षा हुई है तेज वर्षा नहीं हुई थी लेकिन जो दो दिनों में वर्षा हुई है वह तेज और झड़ीदार वर्ष के रूप में हुई है इस कारण लोगों में पानी के कारण जो समस्याएं आ रही थीं वह समस्याएं पूरी होती नजर आ रही है। इस तरह का मौसम जिले में पहली बार देखा गया है पूरे वर्षाकाल की अवधि में रिमझिम रिमझिम बरसात होती रही, तेज वर्षा का दौर देखने नहीं मिला था लेकिन बरसात भले ही आधे घंटे हुई हो लेकिन वर्षा ने लोगों को आनंदित कर दिया है इस तरह की वर्षा की जिले में जरूरत है ताकि जिले के नदी नाले तालाब सभी पानी की कमी से मुक्त हो सके। अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है यहां खेती को भले ही पानी अभी मिल रहा हो लेकिन आगामी रवि फसलों के लिए पानी की जरूरत है और यह पानी की कमी तेज वर्षा से ही पूरी हो सकती है इस तरह की वर्षा अगर जिले में आने वाले दिनों में भी होती रही तो जिले में पानी की कमी को पूरा करने में मदद मिल सकेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग राघौगढ़ जिला गुना (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 0151/अ-6(अ)/2024-25/1867 08/09/26

मुमताज पुत्र नूरशाह जाति मुस्लमान निवासी ग्राम गोविंदपुरा तहसील राघौगढ जिला गुना (म.प्र.) .....आवेदक

विरूद्ध

मध्यप्रदेश शासन .....अनावेदक

(विज्ञप्ति सूचना)

जर्ये इस्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुमताज पुत्र नूरशाह जाति मुस्लमान निवासी ग्राम गोविंदपुरा तहसील राघौगढ़ द्वारा ग्राम गोविंदपुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 19/1 रकवा 1.514 हे0, 19/3 रकवा 0.093 हे०, 19/5 रकवा 0.177 हे० 25 रकवा 0.021 हे0 27 रकवा 0.105 हे0 कुल किता 5 कुल रकवा 1.190 हे० भूमि आवेदक के भू स्वामित्व पर अंकित है आवेदक का नक्शे के के सर्वे क्रमांक 19/3 जहां पर अंकित है वह गलत है मौके पर उसका सर्वे क्रमांक 19/3 सर्वे क्रमांक 27 के पास लगा है जिस पर वह काबिज होकर खेती करता है आवेदक द्वारा मौके के कब्जे के अनुसार सर्वे क्रमांक 19/3 को सर्वे क्रमांक 27 के पास अंकित कर लाल स्याही से बटांकन दुरूस्त किये जाने हेतु म.प्र. भू राजस्व संहिता विधेयक 2018 क्रमांक 22 संवत 2018 दिनांक 27 जुलाई 2018 को म.प्र. राजपत्र असाधारण में प्रकाशित अनुसार धारा 115-116 अंतर्गत भू अभिलेख में गलत अशुद्ध प्रविष्टि का शुद्धीकरण के अधिकार इस न्यायालय को प्राप्त होने से आवेदन पत्र मय खसरा नकल प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि के अभिलेख दुरूस्ती के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक 08/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

(अमित कुमार सोनी)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग राघौगढ़ जिला गुना (म.प्र.)

खबर संक्षेप



लायंस क्लब हेल्पिंग हैण्ड द्वारा बैठक की गई आयोजित

अशोकनगर। लायंस क्लब हेल्पिंग हैण्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की आगामी गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्लब की कार्यकारिणी एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रेसिडेंट संतोष चंदेल, डायरेक्टर कविता साहू व वैशाली सलूजा, वाइस प्रेसिडेंट ज्ञानेश्वरी सक्सेना, ट्रेजरर रीना यादव के साथ-साथ किरण कुशवाहा और चंद्रेश यादव विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान क्लब द्वारा आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाले सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।प्रेसिडेंट संतोष चंदेल और अन्य पदाधिकारियों ने क्लब के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और समाज हित में नए कार्य करने के लिए अपने विचार साझा किए। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से आगामी योजनाओं को सफल बनाने का संकल्प लिया।

पॉलिटेकनिक में द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर

अशोकनगर। शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में कक्षा 10वी उत्तीर्ण छात्रों के प्रथम वर्ष में प्रवेश एवं कक्षा 12वी में गणित संकाय से उत्तीर्ण छात्रों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश के पूर्व राउंड की समाप्ति के उपरांत तकनीकी शिक्षा संचालनालय (डीटीई) ने एक और मौका दिया है। खाली सीटें भरने डीटीई ने कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) का अतिरिक्त कार्यक्रम जारी किया है। विद्यार्थी 20 अगस्त से 14 सितम्बर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे तथा तय तारीखों में कॉलेज में पहुचकर उपलब्ध सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के उपरांत उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश प्राप्त करने हेतु दिनांक 22, 24, 27, 29 और 31 अगस्त के अलावा 2, 5, 8, 10, 12 और 14 सितम्बर तक संस्था में काउंसलिंग राउंड का आयोजन किया जाएगा। यह प्रवेश 10वीं कक्षा के अंको के आधार पर एवं लेटरल एंट्री से कक्षा 12वी में गणित संकाय से उत्तीर्ण छात्रों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में किया जायेगा। राउंड का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराके उपरोक्त तिथियों में संस्था में प्रवेश हेतु उपस्थित हो सकते हैं। कॉलेज में सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओ में शेष बची हुई सीटों पर प्रवेश प्रदान किया जा रहा है। उक्त प्रक्रिया सीटों के रिक्त रहने पर 14 सितंबर तक संचालित की जावेगी।

निरीक्षणकर्ता महाविद्यालय पहुंचे देखी व्यवस्थाएं

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को होने वाले शिविर के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष कत्र्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल डॉ अलोक निगम एवं डॉ संदीप त्रिपाठी उपस्थित हुए। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्राचार्य डॉ रेनू राजेश एवं अन्य स्टाफ सदस्यों से चर्चा कर महाविद्यालय का निरिक्षण भी किया गया। निरीक्षण में विशेषकर छात्र कॉमन रूम, परीक्षा नियंत्रण कक्ष, पुस्तकालय आदि को देखा। प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों की अत्यधिक संख्या और शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की अत्यधिक कमी का विशेष तौर पर उल्लेख किया। डॉ अलोक निगम ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए आश्वासन दिया कि स्टाफ़ की कमी के विषय में वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जाकर स्थिति को सुधारने का प्रयास किया जायेगा। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति में वृद्धि करने को लेकर भी चर्चा हुई। विशेष कत्र्तव्यस्थ अधिकारी द्वारा जिले के कुछ अन्य महाविद्यालयों का भी निरीक्षण किया जा रहा है।

रेलवे ने सूचना भी लगाई, लोगों को बढ़ी नाराजगी

अशोकनगर स्टेशन के पुराने वेटिंग हॉल को बंद करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







रेलवे स्टेशन पर अंग्रेजी हुकूमत के दौरान जो रेल भवन की इमारत बनी थी, इसी भवन में वेटिंग हॉल का निर्माण किया गया था जिसका कई बार रेलवे ने उद्धार किया। इसके बाद अभी हाल ही में रेलवे ने इसमें काफी पैसा भी खर्च किया है और कहां यह जा रहा था कि इस भवन को यथावत रखा जाएगा लेकिन भवन के बाहर रेलवे ने सूचना लगा दी है प्रवेश निषेध। जिसके कारण लोगों में नाराजगी है।

अशोकनगर स्टेशन पर रेलवे की एक नई इमारत बनकर तैयार हो गई है इस इमारत में सारे कार्यालय भी शिफ्ट किए गए हैं जो ऊपरी तल पर है। इस भवन में जो नीचे का स्थल है उस स्थल में टिकट विंडो के साथ अंदर बाहर आने जाने के रास्ते बनाए गए हैं जिसके कारण वेटिंग हॉल की जगह रहती ही नहीं है। पूरी जगह कभी टिकट खिड़की की लाइन में तो कभी लोगों की भीड़ अंदर से बाहर आने जाने में लगी रहती है यहां बैटिंग हॉल का कोई मतलब ही नहीं है जो बैटिंग हॉल का सही मतलब है, पुराने भवन में है। लेकिन उसे रेलवे ने बंद करने का निर्णय कर लिया है जिसके कारण आम लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पुराने भवन का जो वेटिंग हॉल अब खाली हो गया है इसे बंद किया जा रहा है इसे न किया जाए और इसे बैटिंग हॉल का उपयोग किया जाए क्योंकि यहां पर न अब टिकट विंडो रही और न ही कोई अन्य कार्यालय हैं। जिसके कारण आम जनों को इसका लाभ आसानी से मिल सकेगा और यह भवन इतिहास में रेलवे की उपलब्धि के रूप में जाना जाएगा की कभी भवन बना था।

यह भवन कितना उपयोगी है। यह भवन अंग्रेजी हुकूमत के साथ-साथ इस शहर की प्राचीनता को भी दर्शाता है लेकिन शासन लगातार प्राचीनताओं को नष्ट करने में लगा हुआ है जिसके कारण यह इतिहास समाप्त होता जा रहा है और इतिहास को जानने वाले और समझने वालों का कहना है कि यदि ऐसा ही करना है तो फिर नई इमारत बनाने की जरूरत क्या थी। लेकिन पुरानी इमारत को यथावत रखा जाए ज्ञात हो कि अशोकनगर का रेल खंड जो कोटा बीना से जुड़ा है 1896 में बना था और इसके 130 वर्ष हो गए हैं इसके तो गौरव के वर्ष के रूप में इसको याद रखा जाना चाहिए यही हमारी शहर की पहचान है और यही रेलवे की पहचान को दर्शाती है।

यह रेलखंड इतना महत्वपूर्ण है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान को आपस में जोड़ता है इस रेलखंड का दोहरीकरण हुआ विद्युतीकरण हुआ और जब रेलखंड उपयोग होने के सही दिन सामने आये तब इसका ठीक तरह से उपयोग न किया जाकर इसे अपने ढंग से उपयोग किया जा रहा है। जबकि रेलवे के अधिकारी बार-बार यह कहते रहे हैं कि इन पुराने भवनों को नहीं हटाया जाएगा ऐसे में इस प्रवेश निषेध की सूचना पद को हटाया जाना चाहिए।

रेंजा व शाडोरा के डीलरों को सौपीं जिम्मेदारी

अशोकनगर में गैस एजेंसी का गोदाम सील, उपभोक्ता परेशान

अशोकनगर। जिला मुख्यालय पर संचालित इण्डेन गैस कम्पनी के वितरक डीसी गैस सर्विस की मिल रही लगातार शिकायतों के बाद कम्पनी के द्वारा एवं कलेक्टर के द्वारा उक्त गोदाम को सील करने की कार्ववाही की गई है। और शहर के उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्रदाय करने की जिम्मेदारी रेंझा और शाडोरा में संचालित गैस डीलरों को प्रदान की गई है।
जिला खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा ने बताया कि शिकायतों के बाद यह कार्यवाही की गई है जिसके कारण शहर के उपभोक्ताओं को अब यह समझ नहीं आ रहा है कि गैस सिलेंडर कैसे प्राप्त होंगे जिन डीलरों को जिम्मेदारी दी गई है न उनके नंवर जारी किये गये हैं और न ही कोई मुख्यालय है जिससे शहर में सिलेंडरों की समस्या पैदा हो गई है। जो डीलर हैं वह उपभोक्ताओं के घरों तक सिलेंडर न पहुंचा कर किसी एक स्थान से पदान कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं को 2-4 किलो मीटर दूर जाकर सिलेंडर प्राप्त करना पड रहें हैं। समस्या विकराल हो गई है।

शहर में खुले आम की जा रही है गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी

शहर में 2 गैस एजेंसी है जो सिलेंडर प्रदाय करती है एक एजेंसी का गोदाम सील हो गया है और एक एजेंसी ही काम कर रही है। जबकि शहर बडा यहां कम से कम 4 एजेंसी होना चाहिए न तो गैस कम्पनियां इस ओर ध्यान दे रही हैं और न ही समस्या का निराकरण किये जा रहे हैं जिससे आम लोगों को अपने किचिन को चलाना मुस्किल हो गया है जिनके पास एक कनेक्शन है उन्हें पूरे महीने भर उसी पर निर्भर रहना पडता है। लेकिन कई घर ऐसे जो रहते एक साथ है और 5-5 कनेक्शन है उनके द्वारा महँगे दामों पर सिलेंडर वैचे जा रहे हैं शहर में खुलेआम गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है लोगों इसे धन्धा बना लिया है शहर भर के होटल ढाबे और रेस्टोरेंटों पर खुले आम घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय हो रहा है कई दुकानों पर गैस सिलेंडरों से खुलेआम गैस भरी जा रही है लेकिन अशोकनगर जिले का प्रशासन कुम्भकरण की नींद में सोया हुआ है।

हितेंद्र बुधोलिया गैर-सरकारी सदस्य के रूप में नियुक्त



अशोकनगर। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा अशोकनगर जिले के पत्रकार हितेन्द्र बुधौलिया को भारत सरकार के संचार मंत्रालय अंतर्गत डाक विभाग की पुनर्गठित हिंदी सलाहकार समिति में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

पर्युषण महापर्व को लेकर आज से प्रारंभ हुआ कल्प सूत्र का वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के चतुर्थ दिवस पर श्रावक अनिल तेलरा द्वारा कल्प सूत्र जी का वाचन किया गया जिसके पहले कल्प सूत्र जी की बोली के लाभार्थी कोचर परिवार के निज निवास से गाजे बाजे से श्री संघ के साथ कल्प सूत्रजी लेकर आए जिसके पश्चात अन्य लाभार्थी परिवार द्वारा पूजन किया गया जिसके बाद श्री कल्प सूत्र जी का वाचन प्रारंभ हुआ।

कार्यकम में उन्होंने कल्प सूत्र को कल्प वृक्ष के समान बताया और कहा कि सभी को अपने जीवन में कल्प सूत्र जी को अवश्य सुनना चाहिए उन्होंने कहा कि कल्प सूत्र जैसा कोई अन्य सूत्र नहीं है कल्पसूत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जिसमें चैबीस तीर्थंकरों (विशेषकर भगवान महावीर स्वामी) का जीवन-चरित्र और साधुओं के लिए आचार-संहिता का वर्णन है। श्रावक ऋषभश्री रामशना ने कल्पसूत्र जी का परिचय एवं विशेषता बताते हुए बताया'इसकी रचना रचना आचार्य भद्रबाहु स्वामी ने की थी। भाषा यह मूल रूप से प्राकृत भाषा में लिखा गया है।

मुख्य विशेषताएं

तीर्थंकरों का जीवन इसमें प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव से लेकर अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर तक के जीवन प्रसंगों का विस्तृत वर्णन है। इसे श्वेतांबर जैन परंपरा में पर्युषण महापर्व के दौरान विशेष रूप से पढ़ा और सुनाया जाता है। इसमें जैन साधुओं और श्रमण संघ के कर्तव्यों व नियमों की जानकारी दी गई है।

आज की प्रभावना के लाभार्थी रहे अभय कुमार सारांश जैन दोपहर में शांति स्नात्र पूजन की गई। जिसका लाभ पारसचंद विवेक कुमार आगम आवड परिवार ने लिया।



लीनेश क्लब द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम संपन्न हुआ

अशोकनगर। लीनेश क्लब द्वारा सेवा सप्ताह परियोजना का समापन किया गया। समापन दिवस को यादगार और विशेष बनाने के लिए क्लब द्वारा फ्यूचर रतन स्कूल में बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया एवं बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल द्वारा स्कूल की फ्रेंचाइज डायरेक्टर अमित सेठी का पुष्प गुच्छ द्वारा सम्मान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने मंच का संचालन किया। इस मौके पर रश्मि अग्रवाल, प्रीति बंसल, संध्या अग्रवाल, दीपा रघुवंशी, पूजा अग्रवाल, रचना गुप्ता उपस्थित रहीं।

बमूरिया नई में मलेरिया के मरीज होने की सूचना पर नियंत्रणात्मक कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विकासखण्ड ईसागढ़ के ग्राम बमूरिया नई में मलेरिया के मरीज होने की सूचना प्राप्त होने पर नियंत्रणात्मक गतिविधियाँ स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग के संयुक्त अमले द्वारा की गई। इस दौरान एसडीएम ईसागढ त्रिलोचन गौड़,बीएमओ,डीएमओं द्वारा ग्राम का भ्रमण कर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। ग्राम बमूरिया नई में सूचना मिलते ही 09 सितंबर 2026 से फीवर सर्वे एवलार्वा सर्वे का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था। प्रथम दिन कुल 28 बुखार के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से कोई भी मलेरिया पॉजिटिव नहीं पाया गया। 10 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीम आशा, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, मलेरिया वर्कर द्वारा लार्वा सर्वे किया गया तथा ग्रामीण जन को डेंगू/मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये जागरूक किया गया। 11 सितंबर ग्राम बमूरिया नई में दोपहर 2.00 बजे तक 60 मरीजों की मलेरिया स्क्रीनिंग रैपिड जांच किट से की गई तथा 60 सैम्पल डेंगू जांच हेतु लेकर एलाईजा टेस्ट हेतु जिला चिकित्सालय अशोकनगर पहुंचाया गया अभी जांच परिणाम आना शेष है। ग्राम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प आयोजित कर आवश्यक दवाईयों का वितरण एवं परामर्श दिया जा रहा है। गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रेफर करने की व्यवस्था की गई है प्रशासनिक अमले द्वारा ग्राम में लार्वा मच्छर नाशक दवाईयों का छिडकाव कराया गया। ग्राम पंचायत दवारा ग्राम में पानी निकासी, नाली सफाई, बरसाती गढ्ढे भरने आदि कार्यवाही की गई। ग्राम में डेंगू मलेरिया नियंत्रण कार्य को प्राथमिकता पर लेते हुऐ स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप आयोजित करने के निर्देश दिये गये तथा प्रत्येक फीवर केस को डेंगू/मलेरिया मानते हुये विधिवत उपचार प्रबंध कराने के निर्देश दिये गये है।

इनरव्हील क्लब ने विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित कर स्वच्छता का दिया संदेश

अशोकनगर। शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 2 यादव कॉलोनी इनरव्हील क्लब द्वारा शिक्षा एवं व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पेन, पेंसिल, कॉपी, ड्राइंग बुक, कलर पेन, स्केल, रबर, बिस्किट, पानी की बोतल एवं चॉकलेट वितरित की गईं। कार्यक्रम में बच्चों के साथ प्रश्नोत्तर करते हुए उन्हें हाथ धोने, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में समझाया गया। बच्चों के साथ विभिन्न खेल भी खेले गए, जिससे कार्यक्रम आनंददायक एवं ज्ञानवर्धक रहा। इस अवसर पर विद्यालय के दो शिक्षकों को शॉल, श्रीफल एवं इनरव्हील क्लब का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया



गया। बच्चों को बताया कि शिक्षक उनके जीवन को सही दिशा देने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मोना गोयल, किरण अग्रवाल, डिंपल सदाना, अर्चना बंसल, विजेता कंसल, प्रीति मनोरिया सहित अन्य सदस्यायें उपस्थित रहीं।

गणेश उत्सव का पर्व 14 सितंबर से 25 सितंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में गणेश उत्सव का पर्व इस बार भी भक्ति भाव से मनाया जाएगा इस बार गणपति जी 12 दिन के है यह पर 14 सितंबर से प्रारंभ होगा और 25 सितंबर तक चलेगा।


प्रतिमाओं का विसर्जन 25 सितंबर को किया जाएगा। इस पर्व को लेकर गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार लगे हैं। यह प्रतिमाएं 14 सितंबर सोमवार को शुभ मुहूर्त में विराजमान की जाएगी। नगर में गणेश उत्सव का पर्व यहां की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में से एक है यह पर्व यहां बरसों से मनाया जा रहा है इस बार भी यह पर्व पूरे भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर अनेक स्थानों पर झांकियां सजाई जाएगी कई गणेश प्रतिमाएं अशोकनगर में ही मूर्तिकार तैयार कर रहे हैं तो कई गणेश प्रतिमाओं को बाहर से लाया जाएगा। इन प्रतिमाओं में कई जगह विशेषता देखने को मिलेगी। शहर में गणेश उत्सव पर धार्मिक आयोजनों का बड़ा कार्यक्रम होता है। यहां हर मोहल्ले में गणपति जी की झांकियां सजाई जाती है लेकिन बड़े आयोजन अशोकनगर में दो स्थानों पर देखने मिलते हैं, जिनमें एक महाराष्ट्र समाज और दूसरा बाल गणेश समिति द्वारा सुभाषगंज में झांकी आयोजित की जाती है और आयोजन के प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस आयोजन में श्रद्धालु भक्ति भाव से भाग लेते हैं इसी तरह महाराष्ट्र समाज के आयोजन में गणपति जी की आराधना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलती है इन दोनों ही संस्थाओं द्वारा कई दिनों से तैयारी की जा रही है और तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। 14 सितंबर को भगवान गणपति जी की प्रतिमाएं शुभ मुहूर्त में विराजमान होंगी। इस बार इस आयोजन को लेकर झांकी आयोजकों में भी व्यापक उत्साह देखा जा रहा है।

मुंगावली विधायक और कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत खुजराई में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान संचालित किया गया है। अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याओं का हर संभव त्वरित निराकरण ही मुख्य उद्देश्य है। यह बात मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत खुजराई में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कही। शिविर में विभिन्न समस्यामूलक 315 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से 178 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया गया। शेष आवेदनों का निराकरण हेतु सात दिवस की समय सीमा निर्धारित की गई है।

शिविर में मुंगावली विधायक ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों तक सहज एवं सरल रूप से अधिकारियों द्वारा पहुंचाया जाए। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2026 से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन अभियान से ग्रामीण आबादी को उनकी सम्पत्ति की निशुल्क रजिस्ट्री कर राजस्व विभाग के माध्यम से दस्तावेज उपलब्ध कराये जायेंगे।

शिविर में मुंगावली विधायक एवं कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को सुना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य आमजन और शासन के बीच विश्वास को और मजबूत करना है। ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिविरों के माध्यम से सेवाएं उनके गांव तक पहुंचाई जा रही हैं। शिविर में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा पात्र हितग्राहियों से आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही की गई।

शिविर में ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों सेअवगत कराया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच कर नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों को पात्रतानुसार विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विभागवार योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में आवेदन प्रस्तुत करें। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,एसडीएम बृजविहारीलाल श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली आलोक इटोरिया, जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ब्यावरा विकासखंड के लखनवास में संचालित स्कूल की मान्यता 8 वीं तक, कक्षाएं 12वीं तक

नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहा निजी ज्ञान ज्योति स्कूल, बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/लखनवास

शिक्षा के मंदिर में भविष्य और कानून दोनों के साथ खिलवाड़ करने का एक बड़ा मामला सामने आया है। लखनवास संचालित अषासकीय विद्यालय ज्ञान ज्योति स्कूल में न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं बल्कि बच्चों की पढ़ाई के साथ भी मजाक किया जा रहा है। आखिर राजगढ़ जिले में किसी मेहरबानी से नियमों को ताक पर रखकर चल रहा ह। कागजों में यह विद्यालय सिर्फ कक्षा 8 वीं तक ही मान्यता प्राप्त है लेकिन बेझिझक कक्षा 12 वीं तक के छात्रों को प्रवेश देकर उनकी पढ़ाई कराई जा रही है।मामला तब उजागर हुआ। जब गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे स्कूल परिसर के बाहर तीन-चार बच्चे सड़कों पर घूमते दिखाई दिए। जब उनसे बाहर घूमने का कारण पूछा गया तो उन्होंने जो खुलासा किया वह चैंकाने वाला था।

थोड़ी मस्ती की थी, इसलिए सर ने भगा दिया

सड़क पर घूम रहे छात्रों ने बताया कि वे सभी ज्ञान ज्योति स्कूल के ही विद्यार्थी हैं जिनमें से एक छात्र 11वीं कक्षा का और दो छात्र 12वीं कक्षा के हैं। बच्चों का कहना था कि कल उनसे थोड़ी मस्ती हो गई थी जिसकी सजा देते हुए आज स्कूल के सर ने उन्हें कक्षा में बैठने ही नहीं दिया और स्कूल से बाहर भगा दिया। जब स्कूल की मान्यता ही 12वीं तक नहीं है, तो इस विद्यालय में बड़ी कक्षा के विद्यार्थी कैसे अध्ययन कर रहे है। यह सब चलने के बाद भी शिक्षा विभाग अनजान बना हुआ। स्कूल चेकिंग के लिए जाने वाले बीआरसी के अधिकारी और कर्मचारियों को क्या यह सच में पता नहीं कि विद्यालय 12 वीं तक संचालित हो रहा है।

इनका कहना है

मेरी जहां तक मान्यता है, मैं वहीं तक स्कूल चलाता हूं, बाकी एक सर हाल में कोचिंग पढ़ाते है। मेरे पास 12वीं तक के कोई छात्र नहीं है।

-रवि गिरी गोस्वामी
संचालक ज्ञान ज्योति स्कूल लखनवास।

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, जल्द ही विद्यालय की जांच करवाई जाएगी और अगर उसमें यह सब होता पाया गया तो संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई होगी।

-दिलीप शर्मा
ब्लाक शिक्षा अधिकारी विकासखंड ब्यावरा।

सवालों के घेरे में ज्ञान ज्योति स्कूल प्रबंधन

सुरक्षा का जिम्मेदार कौन? अगर दोपहर के वक्त स्कूल से बाहर निकाले गए बच्चों के साथ कोई अनहोनी या दुर्घटना हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता? क्या किसी छात्र को अनुशासन के नाम पर स्कूल परिसर से बाहर सड़क पर आवारा घूमने के लिए छोड़ देना जायज है? गैर-कानूनी कक्षाएं क्यों? जब स्कूल की मान्यता केवल कक्षा 8 वीं तक है तो 11 वीं और 12 वीं के छात्रों का दाखिला किस आधार पर लिया गया? क्या यह बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ सीधा धोखा नहीं है? शिक्षा विभाग की ढिलाई के कारण ऐसे निजी स्कूल न सिर्फ कानून को ताक पर रख रहे हैं बल्कि बच्चों के भविष्य को भी अंधकार में धकेल रहे हैं।
अनुशासन सिखाने के नाम पर बच्चों को सड़क पर धकेल देना और बिना मान्यता के उच्च माध्यमिक कक्षाएं चलाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी ज्ञान ज्योति स्कूल पर क्या सख्त कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

ज्ञापन न लेने के चलते उपजा विवाद

नगरीय प्रशासन आयुक्त और जनप्रतिनिधियों में हुई नोकझोंक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे शुकवार को राजगढ़ पहुंचे थे। कलेक्टोरेट सभागार में निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ हुई उनकी बैठक उपरान्त आयुक्त भोंडवे सर्किट आयुक्त पहुंचे। सर्किट हाउस में नगर कांग्रेस पदाधिकारी सहित अन्य भाजपाजन अपनी समस्याओं एवं ज्ञापन के संदर्भ में उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। जब इंका नगर अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय सहित अन्य इंकाइयों ने उन्हें ज्ञापन देना चाहा तो आयुक्त ने सहजता से ज्ञापन स्वीकार नहीं किया और वे ज्ञापन लेने में ना-नुकर करने लगे। इसके साथ ही बगैर ज्ञापन लिए ही अपने वाहन में बैठकर जाने लगे। ऐसे में इंकाजन सहित अन्य भड़क उठे। सभी का कहना था कि नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर यदि उच्चाधिकारियों को अवगत नहीं कराएंगे तो फिर किसे संज्ञान में डाला जाए। कुछ समय हुई हल्की नोंक-झोंक उपरान्त आयुक्त श्री भोंडवे ने अंततः ज्ञापन स्वीकार करते हुए मांगों के निराकरण आ आश्वासन दिया।

आयुक्त से यह रखी मांगे

आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में नगर की बंद स्ट्रीट लाईटों का मुद्धा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही टेचिंग ग्राउण्ड में बाउन्ड्रीवाल बनवाने की मांग के साथ ही वार्ड-14 में सड़क निर्माण न होने के बावजूद राशि आहरण की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी गई। नगर इंकाध्यक्ष नयन विजयवर्गीय ने बताया कि स्ट्रीट लाईट मद में लाखों रुपए खर्च के बावजूद जमीन पर काम नजर नहीं आ रहा है। नगर के अनेक क्षेत्रों की स्ट्रीट लाईटें बंद पड़ी हुई हैं। सर्किट हाउस में भाजपाइयों और एक इंजीनियर के बीच भी अनबन की बात सामने आई है।

संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नरसिंहगढ़ के बच्चे हुए शामिल



नरसिंहगढ़। संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नरसिंहगढ़ के बच्चों और युवा खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूली और संभागीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की जमीनी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर मिल रहा है। प्रतियोगिता में सिया दांगी, दिव्या नागर,मयंक सेन शामिल हुए । यह प्रतियोगिता दिनांक 11 एवं 12 सितंबर को भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित की गई। स्कूल संचालक कृष्ण पाल सिंह परमार, प्राचार्य सुनील दांगी, खेल प्रशिक्षक विक्रम लववंशी, संगठन सचिव राधेश्याम भिलाला, प्रकाश सिंह तोमर, राहुल जौनपुरिया, पंकज लववंशी।

कपिलेश्वर महादेव मंदिर पर लगा भक्तों का तांता, लगाई आस्था की डुबकी



सारंगपुर। भादों मास की अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को नगर के प्रसिद्ध तीर्थ धाम कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। अमावस्या के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु कालीसिंध नदी के तट पर पहुंचे और नदी में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने कपिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन-पूजन किए। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित संकट मोचन हनुमान जी तथा नवग्रह शनि देव के भी दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह के समय नदी तट और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी चहल-पहल रही।

शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के संदर्भ में दिग्विजय दिवस का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक भुवनेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह पवार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद द्वारा भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और मानवता का संदेश पूरी दुनिया के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। उनके ऐतिहासिक संबोधन ने विश्व पटल पर भारत की पहचान को नई ऊंचाई प्रदान की।इस अवसर पर महाविद्यालय के ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार , दिनेश कुमार दांगी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों और उनके विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना चुटेल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. कपिल वैष्णव द्वारा किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं उनके राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

मांगें नहीं मानी तो 29-30 को फिर हड़ताल

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंकों में हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/सारंगपुर

जिले में बैंक कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार को हड़ताल पर रहने के कारण कामकाज प्रभावित रहा है। बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया बैंक यूनियन यूनाइटेड फोरम के आह्वान पर जिले की सभी बैंकों में हड़ताल रही। हड़ताल के चलते ग्राहकों को विभिन्न कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि अन्य शासकीय कार्यालयों की तरह बैंकों में भी सप्ताह में केवल पांच दिन कार्य दिवस निर्धारित किए जाएं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग की जा रही है, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने कामकाज बंद रखकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।हड़ताल के चलते बैंकों में नगदी जमा एवं निकासी, आरटीजीएस, चेक संबंधी कार्य, लोन की किस्त जमा करने सहित अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं। कई ग्राहक बैंक पहुंचे, लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा।भारतीय स्टेट बैंक में भी कर्मचारियों ने हड़ताल में सहभागिता की। इस दौरान मुख्य प्रबंधक संजय विजयवर्गीय, सहायक प्रबंधक विजेंद्र सिंह, उप प्रबंधक अभिषेक शर्मा, धर्मेंद्र मीणा, सायमा बानो सहित अन्य बैंककर्मी हड़ताल पर रहे। बैंक कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 29 और 30 सितंबर को भी लगातार हड़ताल की जाएगी। इससे आगामी दिनों में बैंकिंग सेवाओं पर और अधिक असर पड़ने की संभावना है।

उद्योगों को नियम पालन करने निर्देश

स्थानीय लोगों को अधिक रोजगार दें उद्योग गलतफहमी में न रहें: विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

समीपस्थ औद्योगिक ग्राम पीलूखेड़ी स्थित कोका-कोला प्राइवेट लिमिटेड परिसर में शुक्रवार को उद्योग विभाग की बैठक मैं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई।

बैठक में संभागीय कमिश्नर कर्मवीर शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, विधायक मोहन शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं क्षेत्र में संचालित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में संभागीय कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने उद्योग विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को शासन के निर्धारित नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों में सुरक्षा सहित श्रमिकों से जुड़े सभी नियमों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने भी उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक संस्थानों में शासन के नियमों का पालन प्रभावी रूप से कराया जाए।

इस दौरान विधायक मोहन शर्मा ने स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने उद्योग संचालकों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को अपेक्षित रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी उद्योग इस गलतफहमी में न रहे कि स्थानीय लोगों को रोजगार देना जरूरी नहीं है। उद्योगों में अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसी मजदूर के साथ दुर्घटना होने पर उसे और उसके परिवार को नियमानुसार हरसंभव सहायता मिलनी चाहिए। सभी श्रमिकों को शासन के नियमों के अनुसार वेतन एवं अन्य सुविधाएं मिलें तथा उनके भविष्य की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। औद्योगिक संस्थानों को श्रमिक हितों को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए।



ब्याज समेत 85 लाख रुपए देने होंगे, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट का फैसला

70 लाख के चेक बाउंस मामले में सजा, राशि देने के भी आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



70 लाख रुपए के चेक बाउन्स मामले में राजगढ़ प्रथम श्रैणी न्यायिक मजिस्टेट ने आरोपी को 06 माह के कारावास के साथ ही 85 लाख 99 हजार रुपए प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश पारित किया है।

न्यायालय ने साक्ष्यों एवं प्रकरण में प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर आरोपी का बचाव स्वीकार न करते हुए चेक को देयता निवर्हन के लिए जारी किया जाना प्रमाणित माना और दोष सिद्ध होने पर यह सजा सुनाई है। फरियादी के अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि बृजमोहन मीणा निवासी ग्राम कांकरिया तहसील सारंगपुर ने श्याम मंडलोई निवासी शिवधाम कॉलोनी राजगढ़ से 70 लाख रुपए लिए थे। इसके एवज में अभियुक्त बृजमोहन ने श्याम मंडलोई को 70 लाख रुपए का चेक दिया था। कई बार तकादा करने के बाद भी जब अभियुक्त बृजमोहन ने परिवादी श्याम को यह राशि वापस नहीं की। ऐसे मे परिवादी ने 70 लाख रुपए का यह चेक भुगतान हेतु बैंक में जमा किया लेकिन चेक अनादरित(बाउन्स) हो गया। चेक बाउन्स होने पर परिवादी मंडलोई ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से परिवाद दाखिल किया। करीब 3 साल तक न्यायालय में प्रकरण चला। अंततः तमाम सबूतों, तथ्यों के आधार पर प्रथम श्रैणी न्यायिक मजिस्टेट श्री वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने अभियुक्त बृजमोहन को दोषी ठहराते हुए धारा 138 के तहत 6 माह के कठोर कारावास से दंडित किया है।

नो प्रतिशत ब्याज के साथ देनी होगी राशि

न्यायालय ने अभियुक्त को कुल 85 लाख 99 हजार 137 रुपए प्रतिकर राशि परिवादी को अदा करने के आदेश दिए हैं। उक्त राशि में 70 लाख रुपए की चेक राशि के साथ ही 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज राशि शामिल है। यह ब्याज राशि कुल 14 लाख 48 हजार 137 रुपए हुई।

प्रतिकर जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारवास

न्यायालय ने यहां यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अभियुक्त उक्त प्रतिकर राशि अदा नहीं करेगा तो उसे एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भी भुगतना होगा।